मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 26] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 28 जून 2013-आषाढ़ 7, शके 1935

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम यूसुफी मखानावाला (YUSUFI MAKHANAWALA) था, जिसे मैंने बदलकर यूसुफ अली मखानावाला (YUSUF ALI MAKHANAWALA) कर लिया है. अत: अब से मुझे मेरे, मेरी पत्नी, बच्चे एवं अन्य सभी जगह पर मेरे नये नाम यूसुफ अली मखानावाला (YUSUF ALI MAKHANAWALA) से लिखा-पढ़ा जावे.

पुराना नाम :
(यूसुफी मखानावाला)
(YUSUFI MAKHANAWALA)

नया नाम :
(यूसुफ अली मखानावाला)
(YUSUF ALI MAKHANAWALA)
119 (New No. 171), Saify Nagar,
Indore (M. P.).

(171-बी.)

नाम परिवर्तन

मुझ जेनिफर खान पति अब्दुल रहमान, निवासी कोर्ट मोहल्ला, नीमच सिटी ने शादी के पश्चात् मेरा नाम बदलकर शाहिन बानो रख लिया है. अत: अब मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना जावे.

पुराना नाम :
(जेनिफर खान)

नया नाम :
(शाहिन बानो)
पति अब्दुल रहमान,
कोर्ट मोहल्ला, नीमच सिटी.

(172-बी.)

नाम परिवर्तन

मैं, अनिता अडवानी पति सुनील अडवानी सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम अनिता अडवानी से बदलकर कंचन अडवानी कर दिया है. अब मैं कंचन अडवानी के नाम से जानी, पहचानी जाऊंगी.

पुराना नाम :
(अनिता अडवानी)

नया नाम :
(कंचन अडवानी)
47- बी, पलसीकर कॉलोनी,
इन्दौर (म.प्र.).

(176-बी.)

नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि मेरे पूर्व दस्तावेजों में मेरा नाम प्रेम बहादुर पुत्र श्री मनवीर सिंह, निवासी श्री हंस विभू आश्रम के पीछे, लक्ष्मी बिहार, तानसेन रोड, ग्वालियर (मध्यप्रदेश) अंकित है. जबकि मैंने अपना नाम परिवर्तित कर प्रेम बहादुर सिंह पुत्र श्री मनवीर सिंह लिखना आरम्भ कर दिया है. भविष्य में मुझे प्रेम बहादुर के स्थान पर प्रेम बहादुर सिंह के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावे.

पुराना नाम :

(प्रेम बहादुर)

नया नाम :

(प्रेम बहादुर सिंह)
पुत्र श्री मनवीर सिंह,
निवासी—श्री हंस विभू आश्रम के पीछे, लक्ष्मी बिहार,
तानसेन रोड, ग्वालियर (मध्यप्रदेश).

(180-बी.)

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स यूनीवर्सल ट्रान्सफॉरमर पंजीयन क्रमांक 1486, दिनांक 15 फरवरी, 1984 पर पंजीकृत है, जिसमें 01 अप्रैल, 2007 को निम्न भागीदार हैं. 1. सुधा राठी, 2. पुरूषोत्तम दास राठी (एच. यु. एफ).

उक्त फर्म में उक्त भागीदारों के अतिरिक्त श्रीमती नेहा राठी दिनांक 01 अप्रैल, 2007 से फर्म के नये भागीदार के रूप में प्रवेश कर रही हैं एवं 01 अप्रैल, 2007 से ही भागीदार पुरूषोत्तम दास राठी (एच. यु. एफ.), फर्म की भागीदारी से निवृत हो रहे हैं. अत: यह सर्वविदित हो.

Neha Rathi,
Partner,
For Universal Transformers

(173-बी.)

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स यूनीवर्सल ट्रान्सफॉरमर पंजीयन क्रमांक 1486, दिनांक 15 फरवरी, 1984 पर पंजीकृत है, जिसमें 01 अप्रैल, 1989 से निम्न भागीदार हैं. 1. सुधा राठी, 2. पुरूषोत्तम दास राठी (एच. यु. एफ.), 3. जे. एम. तोषणीवाल (एच. यु. एफ), 4. पी. के. मंत्री (एच. यु. एफ.).

उक्त भागीदारों में से जे. एम. तोषणीवाल (एच. यु. एफ.), एवं पी. के. मंत्री (एच. यु. एफ.),दिनांक 01 अप्रैल, 1989 से फर्म की भागीदारी से निवृत हो गये हैं. अत: यह सर्वविदित हो.

Neha Rathi,
Partner,
For Universal Transformers.

(174-बी.)

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स यूनीवर्सल ट्रान्सफॉरमर पंजीयन क्रमांक 1486, दिनांक 15 फरवरी, 1984 पर पंजीकृत है, जिसमें 01 जून, 1987 से निम्न भागीदार हैं. 1. सुधा राठी, 2. पुरूषोत्तम दास राठी (एच. यु. एफ.), 3. जे. एम. तोषणीवाल (एच. यु. एफ.), 4. रतन देवी मंत्री, 5. सुषमा राठी, 6. पदम कुमार मंत्री (एच. यु. एफ.).

उक्त फर्म में उक्त भागीदारों के अतिरिक्त पी. के. मंत्री (एच. यु. एफ.) दिनांक 01 जून, 1987 से फर्म के नये भागीदार के रूप में प्रवेश कर रहे हैं एवं श्रीमती रतनदेवी मंत्री और श्रीमती सुषमा राठी एवं पदम कुमार मंत्री (एच. यु. एफ.) दिनांक 01 जून, 1987 से फर्म की भागीदारी से निवृत हो गये हैं. अत: यह सर्वविदित हो.

Neha Rathi,
Partner,
For Universal Transformers.

(175-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स जयप्रकाश कालोनाईजर्स, जो कि एक रजिस्टर्ड फर्म थी जिसका पंजीयन क्रमांक-01/01/01/00139/04, सन् 2004-05 है. जिसमें दो भागीदार श्री जयप्रकाश त्रिपाठी आत्मज श्री एम. एल. त्रिपाठी एवं श्री के. मुधकर राव आत्मज श्री के. भास्कर राव थे. उक्त फर्म में एक भागीदार श्री के. मधुकर राव की मृत्यु दिनांक 12 जनवरी, 2013 को हो गयी है. भागीदारी अधिनियम के

प्रावधान के अनुसार दो में से एक भागीदार की मृत्यु होने पर उक्त फर्म का स्वयमेव (स्वत:) ही विघटन हो चुका है एवं मृतक भागीदार का कोई भी वैधानिक उत्तराधिकारी मय सक्षम प्रमाण-पत्र के आज दिनांक तक उपस्थित नहीं हुआ है.

अत: उक्त फर्म का विघटन हो चुका है. सर्व-साधारण को सूचनार्थ.

भवदीय

जयप्रकाश त्रिपाठी,

द्वारा जयप्रकाश कालोनाईजर्स,

पता—एफ. एम.-2, ब्लॉक ए, मानसरोवर कॉम्पलेक्स,

हबीबगंज, भोपाल (मध्यप्रदेश.)

(179-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स गौरी कन्स्ट्रक्शन एण्ड कन्सलटेन्सी 47, गुरूनानक कॉलोनी, दतिया की पार्टनरशिप डीड में 1. श्री आर. डी. शर्मा पुत्र स्व. श्री बी. पी. शर्मा, निवासी—131/9 B साकेत नगर, भोपाल, 50 प्रतिशत, 2. श्री संजय प्रकाश मालौटिया पुत्र स्व. श्री रामगोपाल मालौटिया, निवासी—2, होलीपुरा, दतिया, 25 प्रतिशत, 3. श्री परशुराम गुलराजानी पुत्र स्व. नारूमल गुलराजानी, निवासी—47, गुरूनानक कॉलोनी, दतिया, 25 प्रतिशत में भागीदार थे. श्री परशुराम गुलराजानी पुत्र स्व. श्री नारूमल गुलराजानी का स्वर्गवास दिनांक 21 दिसम्बर, 2010 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि श्रीमती मीरा बाई एवं श्री आर. डी. शर्मा द्वारा निजी कारण एवं स्वैच्छा से फर्म में हटने के कारण रिवाईज्ड पार्टनरशिप डीड में लिखित सहमति एवं शपथ-पत्र सहित फर्म में अपने नाम जोड़ने एवं हटाने हेतु फर्म की रिवाईज्ड पार्टनरशिप डीड का, फर्म एण्ड सोसायटी, ग्वालियर में पंजीयन हेतु आवेदन करने हेतु तैयार की गई है. रिवाईज्ड पार्टनरशिप डीड में श्री संजय प्रकाश मालौटिया पुत्र स्व. श्री रामगोपाल मालौटिया, 2. श्रीमती मीरा बाई पत्नि स्व. श्री परशुराम गुलराजानी ने 50-50 प्रतिशत के भागीदार हैं, यदि उक्त फर्म के संशोधन में किए जाने से किसी जनसाधारण/शासकीय/अशासकीय कार्यालय/वित्तीय संस्थान को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन 15 दिवस के अंदर फर्म एवं सोसायटी कार्यालय, ग्वालियर में ठोस प्रमाण सहित अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं.

नियत दिनांक तक कोई आपत्ति/आपत्तियां प्राप्त नहीं होने पर फर्म एण्ड सोसायटी, ग्वालियर में रिवाईज्ड पार्टनरशिप डीड का पंजीयन कराने के हकदार होंगे, नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति/आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी और न उस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही की जाएगी.

भवदीय

संजय प्रकाश मालौटिया,

पार्टनर,

मे. गौरी कन्स्ट्रक्शन एण्ड कन्सलटेन्सी.

(178-बी.)

आम सूचना

भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की धारा-72 के अंतर्गत सूचना

मे. काकड़ा रोलिंग मिल्स

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार फर्म मे. काकड़ा रोलिंग मिल्स स्थित 15 सी, इंडस्ट्रीयल एरिया गोविंदपुरा, भोपाल जिसका पंजीयन क्र. 01/01/01/00040/06, दिनांक 21 जून, 2006 है उक्त फर्म में दिनांक 01 अप्रैल, 2012 से नवीन भागीदार श्री विशाल गोयल, आ. श्री नरेद्र कुमार गोयल, आयु वयस्क निवासी ए-11,12 अभिनव काकड़ा होम्स अयोध्या वायपास रोड भोपाल को चतुर्थ नवीन भागीदार के रूप सम्मिलित किया गया है. अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, शासकीय, अर्धशासकीय कार्यालय आदि को कोई आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन के तीन दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें.

भवदीय

आभास जैन,

(एडवोकेट),

114/ एम-1 जोन-2, एम. पी. नगर, भोपाल.

(177-बी.)

विविध

आयुक्तों तथा जिलाध्यक्षों की सूचनाएं

कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

ग्वालियर, दिनांक 07 जून, 2013

क्र. 396/10 परीक्षा/पट.प्रशि./2013.—राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान महलगांव, ग्वालियर में पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों की पटवारी वार्षिक परीक्षा (नियमित सत्र) माह जुलाई 2013, परीक्षा केन्द्र—राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान महलगांव, ग्वालियर का कार्यक्रम सर्व-साधारण की जानकारी के लिये निम्नानुसार प्रकाशित किया जाता है:—

स. क्र.	दिनांक	परीक्षा का दिन	विषय	परीक्षा का समय
1	2	3	4	5
1.	15-07-2013	सोमवार	म. प्र. भू-राजस्व संहिता	प्रात: 9.00 बजे से 12.00 तक
2.	16-07-2013	मंगलवार	म. प्र. भू.-अभिलेख नियमावली	प्रात: 9.00 बजे से 12.00 तक
3.	17-07-2013	बुधवार	तरतीब कागजात	प्रात: 9.00 बजे से 12.00 तक
4.	18-07-2013	गुरूवार	कम्प्यूटर सैद्धान्तिक	प्रात: 9.00 बजे से 12.00 तक
5.	19-07-2013	शुक्रवार	सर्वे सैद्धान्तिक	प्रात: 9.00 बजे से 12.00 तक
6.	22-07-2013	सोमवार	कम्प्यूटर व्यवहारिक	प्रात: 9.00 बजे से समूह में आयोजित, प्रत्येक समूह के लिए 1.00 घण्टा परीक्षा समाप्त होने तक निरन्तर.
	23-07-2013	मंगलवार	कम्प्यूटर व्यवहारिक	प्रात: 9.00 बजे से समूह में आयोजित, प्रत्येक समूह के लिए 1.00 घण्टा परीक्षा समाप्त होने तक निरन्तर.
	24-07-2013	बुधवार	कम्प्यूटर व्यवहारिक	प्रात: 9.00 बजे से समूह में आयोजित, प्रत्येक समूह के लिए 1.00 घण्टा परीक्षा समाप्त होने तक निरन्तर.
	25-07-2013	गुरूवार	कम्प्यूटर व्यवहारिक	प्रात: 9.00 बजे से समूह में आयोजित, प्रत्येक समूह के लिए 1.00 घण्टा परीक्षा समाप्त होने तक निरन्तर.
7.	26-07-2013	शुक्रवार	सर्वे/फील्ड बुक	प्रात: 9.00 बजे से (परीक्षा की अवधि 1.00 घण्टा) परीक्षा समूह में ली जावेगी.
	27-07-2013	शनिवार	सर्वे/फील्ड बुक	प्रात: 9.00 बजे से (परीक्षा की अवधि 1.00 घण्टा) परीक्षा समूह में ली जावेगी.
	29-07-2013	सोमवार	सर्वे/फील्ड बुक	प्रात: 9.00 बजे से (परीक्षा की अवधि 1.00 घण्टा) परीक्षा समूह में ली जावेगी.
	30-07-2013	मंगलवार	सर्वे/फील्ड बुक	प्रात: 9.00 बजे से (परीक्षा की अवधि 1.00 घण्टा) परीक्षा समूह में ली जावेगी.
	31-07-2013	बुधवार	सर्वे/प्लाटिंग करना	प्रात: 9.00 बजे से 10.30 तक 1.30 घण्टा होगी. (दिनांक 26-07-13, 27-07-13, 29-07-13, 30-07-13 को दी गयी परीक्षा की).

टीपः—

1. सर्वे भू-मापन/कम्प्यूटर व्यवहारिक की परीक्षा में प्रत्येक परीक्षार्थी को 1.00 घण्टा एवं सर्वे प्लाटिंग के लिए 1.30 घण्टा समय निर्धारित है.
2. इस परीक्षा में बैठने के लिए अनियमित उम्मीदवार इस संबंध में विस्तृत जानकारी अपने जिले के अधीक्षक भू-अभिलेख अथवा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान महलगांव, ग्वालियर से प्राप्त करें.
3. आवेदन-पत्र का प्रदाय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान महलगांव, ग्वालियर अथवा जिले के अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय से किया जायेगा.
4. प्रशिक्षणार्थी दिनांक 22 जून, 2013 तक अपने आवेदन-पत्र संबंधित प्रशिक्षण शाला में जमा करें.
5. पटवारी वार्षिक परीक्षा (नियमित सत्र) माह जुलाई, 2013 हेतु नियमित/अनियमित समस्त उम्मीदवारों के लिए परीक्षा केन्द्र, राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान महलगांव, ग्वालियर निर्धारित किया गया है. अनियमित उम्मीदवार अपने आवेदन-पत्र जिलाध्यक्ष भू-अभिलेख कार्यालय में निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत करें. मुख्यालय ग्वालियर में सीधे प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा.

राजीव रंजन,
आयुक्त.

(328)

कार्यालय कलेक्टर, जिला बड़वानी

बड़वानी, दिनांक 1 जून, 2013

क्र. 6526/व.लि. 1/2013.—मध्यप्रदेश आपत्तिजनक कै, हैजा-आंत्रशोथ विनियम, 1983 के नियम-3 एवं नियम-5 के अन्तर्गत उक्त रोग फैलने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए मैं, श्रीमन् शुक्ला, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला बड़वानी सम्पूर्ण बड़वानी जिले को उपर्युक्त नियम के उद्देश्य की पूर्ति हेतु अधिसूचना जारी होने के दिनांक से छः माह की कालावधि तक के लिए अधिसूचित क्षेत्र घोषित करता हूँ.

श्रीमन् शुक्ला,
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

(329)

निविदा सूचनाएं

भोपाल, दिनांक 24 जून, 2013

क्र. जी.बी./चार/स्टे. (3)/2013-2014/2112.—शासकीय विभागों/कार्यालय के लिये फाईल कव्हर एवं फाईल बोर्ड जो हैण्ड मेड पेपर पर मुद्रित हो, ग्रामोद्योग इकाई अथवा लघु कुटीर उद्योग में तैयार किया गया हो निर्धारित प्रपत्र में मुहर बंद तकनीकी एवं कामर्शियल निविदाएं पृथक्-पृथक् लिफाफों में आमंत्रित की जाती हैं.

2. शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल की वेबसाइट **www.govtpressmp.nic.in** पर भी निविदा प्रपत्र उपलब्ध है. जिसे उक्त वेबसाईट से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकेगा.

3. इच्छुक निविदाकार ₹ 1,000/- (रुपये एक हजार) नगद जमा कर दिनांक 11 जुलाई, 2013 तक नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल के कार्यालय से 4.00 बजे तक निविदा प्राप्त कर सकते हैं अथवा वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं. इसके लिये निविदा में ₹ 1,000/- का D.D.नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, भोपाल के नाम संलग्न करना अनिवार्य होगा.

4. निविदा प्रपत्र दिनांक 12 जुलाई, 2013 को अपरान्ह 1.00 बजे तक प्राप्त एवं आवश्यक पूर्ति कर जमा किये जावेंगे. तकनीकी निविदाएं **(Technical Tender)** उसी दिनांक को अर्थात् दिनांक **12 जुलाई, 2013** को अपराह्न 3.00 बजे स्वेच्छा से उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी. तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की कामर्शियल निविदा **(Commercial Tender)** खोलने की सूचना पृथक् से दी जावेगी.

5. निविदा के साथ ₹ 15,000/- (रु. पन्द्रह हजार) का FDR/CDR नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल के नाम का संलग्न करना अनिवार्य है. बिना FDR/CDR के निविदा मान्य नहीं की जावेगी.

अजीत केसरी,
नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन-सामग्री,
मध्यप्रदेश, भोपाल.

(335)

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, रहली, जिला सागर

रहली, दिनांक 07 मई, 2013

रा. प्र. क्र. /बी-113/2012-13.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मिट्ठूसींग बल्द गनेशसिंह दांगी ठाकुर, निवासी ग्राम इमलिया, तहसील रहली, जिला सागर द्वारा एक आवेदन-पत्र धारा-4 मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत कर श्री देव हनुमान जी मंदिर इमलिया, तहसील रहली, जिला सागर की न्यास कमेटी के गठन किए जाने बाबत् प्रस्तुत किया है. जिसकी सुनवाई इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 10 जून, 2013 को दिन को 11.00 बजे नियत की गई है. उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वह नियत दिनांक व समय पर इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्वयं अथवा किसी मान्य अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है. बाद में म्याद गुजरने किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन-पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

1. लोक न्यास का का नाम :— श्री देव हनुमान जी मंदिर, ग्राम इमलिया, तह. रहली, जिला सागर (मध्यप्रदेश)
2. लोक न्यास का स्वरूप, उत्पत्ति एवं उद्देश्य : श्री देव हनुमान जी मंदिर, ग्राम इमलिया, तह. रहली, जिला सागर (मध्यप्रदेश) की पूजा अर्चना उचित प्रबंधन उन्नति.
3. वह स्थान जहां लोक न्यास का प्रधान कार्यालय या कारोबार का प्रधान स्थान पारित है. ग्राम इमलिया, तह. रहली, जिला सागर (मध्यप्रदेश)
4. कार्यवाही न्यासी और प्रबंधक का नाम उनके पते सहित. मिट्ठूसिंह बल्द गनेशसिंह दांगी ठाकुर, सा. इमलिया, तहसील रहली, जिला सागर.

मुख्य कार्यकारी न्यासी/अध्यक्ष.

1. राजेन्द्रसिंह बल्द गजराजसिंह सा. इमलिया, तह. रहली—उपाध्यक्ष.
2. लखनसिंह बल्द अर्जुनसिंह सा. इमलिया, तह. रहली—सदस्य
3. नारायणसिंह बल्द गनेशसिंह सा. इमलिया, तह. रहली—सदस्य
4. जगतसिंह बल्द रामसिंह सा. इमलिया, तह. रहली—सदस्य
5. रघुनाथसिंह बल्द महराजसिंह सा. इमलिया, तह. रहली—सदस्य
6. वीरेन्द्रसिंह बल्द मिट्ठूसिंह सा. इमलिया, तह. रहली—सदस्य
7. रघुराजसिंह बल्द नारायणसिंह सा. इमलिया, तह. रहली—सदस्य
8. विन्द्रावन बल्द बट्ठू आदिवासी सा. इमलिया, तह. रहली—सदस्य
9. मोहनसींग बल्द जगन्नाथ सा. इमलिया, तह. रहली—सदस्य

5. न्यासीपद या व्यवस्थापन पद के उत्तराधिकार की रीति. कार्यकारी समिति के सदस्यों की बैठक में बहुमत के आधार पर चुनाव.
6. न्यास से संबंधित योजना कोई हो तो विवरण प्रक्रिया संलग्न करे. धार्मिक उत्सव उचित रखरखाव विधिवत् पूजापाठ.
7. सम्पत्ति का विवरण : ग्राम इमलिया, प. ह. नं. 23, तह. रहली स्थित भूमि स्वामी भूमि

खसरा नम्बर	रकबा (हे. मे.)	लगान
80/2	0.550	4.69
241	0.360	2.50
306	0.050	0.31
योग 3 मेंड़े	**0.960**	**7.50**

एक मंदिर श्री देव हनुमान जी मंदिर ग्राम इमलिया प्रतिष्ठित पत्थर की मूर्ति, चल सम्पत्ति

1. मुकुट चांदी—एक, 2. तिलक चांदी-एक, 3. नेत्र चाँदी-एक जोड़ी, 4. कर्णफूल चाँदी, 5. मुश्ठिका चाँदी, 6. बाजूबंदी चाँदी, 7. कलाईबंद चाँदी, 8. गले का हार चाँदी, 9. वक्षस्थल श्रीराम आकृति चाँदी, 10. छत्र चाँदी, 11. करधनी चाँदी, 12. पैरबंद चाँदी, 13. तिलक चाँदी, 14. पाँव बेड़ी चाँदी, 15. लाकिट चाँदी, 16. माला गले की चाँदी, 17. अंगूठी चाँदी, 18. स्पीकर, 19. माईक, 20. माईक स्टेण्ड, 21. एम्पलीफायर, 22. अलमारी गोदरेज छोटी, 23. घंटा पीतल छोटे-बड़े, 24. घड़ी दीवाल, 25. सिंचाई मोटर S.H.P. (CRI कम्पनी), 26. पाईप काश्ता कंपनी काले अकड़ा वाले, 27. सेक्शन, 28. स्टाटर, 29. नोजल, एडाप्टर, राईजर पाईप, 30. इमरजेन्सी छोटा इन्वर्टर, 31. हारमोनियम, 32. ढोलक—एक, 33. मजीरा—एक, 34. झूला—एक, 35. चमीटा—एक, 36. फर्श बड़ा—एक, 37. गैस सिलेण्डर एच. पी.—एक, 38. गैस चूल्हा—एक, 39. बाल्टी—एक, 40. थाली—एक, 41. गिलास—एक, 42. चिमटा—एक, 43. श्रीरामचरितमानस—एक, 44. श्री सुखसागर—एक, 45. शंख बड़ा—एक, 46. झालर पीतल—एक, 47. कुर्सी फाईवर.

8. न्यास की आय का साधन :—कृषि भूमि चढ़ौत्री-दान.

9. कुल वार्षिक आय :—50,000/-

10. न्यास की संपत्ति पर ऋण का भार : कुछ नहीं.

उद्घोषणा आज दिनांक 07 मई, 2013 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया.

आनंद कोपरिहा,

(330) अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, खुरई, जिला सागर

प्ररूप-चार

[नियम- 5 (1) देखिए]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-5 की उप-धारा (2) मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिये]

पंजीयक,

लोक न्यास, खुरई, जिला सागर, मध्यप्रदेश के समक्ष.

चूँकि श्री जिनेन्द्रकुमार पिता श्री भैयालाल गुरहा एवं अन्य, निवासी खुरई, जिला सागर ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे समक्ष न्यायालय में दिनांक 10 जुलाई, 2013 को विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्तियां करने का सुझाव देने के विचार रखता हो, उसे इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

अत: मैं, अनुविभागीय अधिकारी, खुरई, जिला सागर का लोक न्यासों का पंजीयन अपने न्यायालय में दिनांक 10 जुलाई, 2013 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उप-धारा (1) के द्वारा यथाअपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूं.

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासीगण या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करता और कोई मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए, उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

लोक न्यास का नाम. . श्री राजकोमल सोधिया आश्रय न्यास, खुरई, जिला सागर, मध्यप्रदेश.

सम्पत्ति का विवरण :

चल सम्पत्ति . . 11,000.00 रुपया.

अचल सम्पत्ति . . कुछ नहीं.

कमल सोलंकी,

(331) पंजीयक.

न्यायालय रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, इन्दौर

(फॉर्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

''श्री सेवा भारती फाउण्डेशन 59, डाकतार कॉलोनी, सूर्यदेव नगर, सेंटमेरी स्कूल, इन्दौर, मध्यप्रदेश की ओर से श्री जितेन्द्र पिता फूलचंद वर्मा, पता 59, डाकतार कॉलोनी, सूर्यदेव नगर, सेंटमेरी स्कूल, इन्दौर, मध्यप्रदेश द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	''श्री सेवा भारती फाउण्डेशन''
पता	:	59, डाकतार कॉलोनी, सूर्यदेव नगर, सेंट मेरी स्कूल, इन्दौर, मध्यप्रदेश.
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	रुपये 11,000/- (अक्षरी रुपये ग्यारह हजार मात्र).

आज दिनांक 17 मई, 2013 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

विजय अग्रवाल,
रजिस्ट्रार.

(332)

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, विदिशा

विदिशा, दिनांक 06 मई, 2013

प्रारूप-4

प्र.क्र. 01/बी-113/2012-13.

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-5 की उपधारा (2) और
मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिये]

श्री आनंद जैन आत्मज स्व. श्री राजमल जैन, सचिव, शरद स्मृति न्यास विदिशा द्वारा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 19 जून, 2013 को विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उस बारे में कोई आपत्तियां करने या सुझाव देने पर विचार रखता हो, तो उसे इस सूचना को लोक न्यास को दे, जिसका कि वह गठन करती है.

अत: मैं, पंजीयक, लोक न्यास, अनुविभागीय अधिकारी, विदिशा लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 19 जून, 2013 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) के द्वारा यह अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूं.

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता तथा संपत्ति का वर्णन)

1. लोक न्यास का नाम और पता	. .	शरद स्मृति न्यास विदिशा, श्री रामकिशोर अग्रवाल का मकान खरीफाटक रोड, विदिशा न्यास का स्वंय का भवन बनने पर कार्यालय वहॉ स्थानांतरित होगा.
2. चल सम्पत्ति	. .	रु. 14,793/- मात्र, (जिसमें से रु. 11,793/- दिनांक 25 दिसम्बर, 2012 तक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विदिशा में खाता संख्या 364702010010782 में जमा एवं रु. 3000/- नकद).
3. अचल सम्पत्ति	. .	नगर विदिशा के अरिहंत विहार कॉलोनी में एक प्लॉट 3900 वर्गफुट जिसका तत्कालीन मूल्य 3,90,000/- तथा 1,00,000/- का बिल्डिंग मटेरियल कुल अचल सम्पत्ति रु. 4,90,000/-.

अविनाश तिवारी,

(333) पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी.

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, भिण्ड

भिण्ड, दिनांक 10 जून, 2013

प्र. क्र. /12-13/बी-113.

फॉर्म-4

[नियम (11) देखिये]

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, 1951 की धारा-5 (1) के अन्तर्गत]

जैसा कि श्री रामऔतर पुत्र नाथूराम पुजारी, अध्यक्ष एवं वर्किंग ट्रस्टी ग्राम उदोतपुरा ने '' पब्लिक ट्रस्ट श्रीमाता का मंदिर ग्राम उदोतपुरा, परगना भिण्ड'' पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र अनुसूची दर्शाई सम्पत्ति के पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया है.

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन मेरे न्यायालय में मेरे द्वारा दिनांक 08 अगस्त, 2013 को विचार में लिया जावेगा. कोई भी व्यक्ति, जो उक्त ट्रस्ट में या सम्पत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो, लिखित में दो प्रतियों में इस सूचना के प्रकाशन के एक माह में माध्यम से अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है. उपर्युक्त अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

1.	ट्रस्ट का नाम व पता	:	पब्लिक ट्रस्ट श्रीमाता का मंदिर ग्राम उदोतपुरा परगना, भिण्ड.
2.	चल सम्पत्ति	:	निरंक.
3.	अचल सम्पत्ति	:	निरंक.

नरोत्तम भार्गव,

(334) अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रार.

अन्य सूचनाएं

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास

देवास, दिनांक 30 मार्च, 2013

[मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) के अन्तर्गत]

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 1615, दिनांक 14 जून, 2012 के द्वारा दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., देहरी, तहसील सोनकच्छ, जिला सोनकच्छ जिसका पंजीयन क्रमांक 507, दिनांक 13 अप्रैल, 1983 है, को मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत में परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत श्री ए. डी. पंथी, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, इन्दौर को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न करके पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, डॉ. के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा (1), (2) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग भोपाल के विज्ञप्ति/आदेश क्रमांक 5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल दिनांक 26 जुलाई, 1999 के अन्तर्गत प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुए संस्था का निगमित (बॉडी कार्पोरेट) समाप्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 30 मार्च, 2013 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया जाता है.

(315-D)

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

देवी आशापुरे फल, साग-सब्जी उत्पादक एवं विप. सहकारी संस्था मर्या., जामनोद, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 775, दिनांक 09 नवम्बर, 2004 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा 69-(3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 725, दिनांक 14 मार्च, 2013, को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझमें वेष्ठित हैं, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूँ तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री मनोहर कैथवास, सहकारी निरीक्षक देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूँ. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री मनोहर कैथवास, सहकारी निरीक्षक , परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(314-E)

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

कमला प्राथ. उप. भण्डार मर्या., देवास, तहसील देवास, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 933, दिनांक 16 मार्च, 2001 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 321, दिनांक 31 जनवरी, 2013, 774, दिनांक 18 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 22 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 25 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझमें वेष्ठित हैं, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूँ तथा साथ ही धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री एच. एस. तिवारी, उप अंकेक्षक देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूँ. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री एच. एस. तिवारी, उप अंकेक्षक परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(307-X)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1120.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., पोलाय जागीर, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 483, दिनांक 11 जनवरी, 1982 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 156, दिनांक 17 जनवरी, 2013, 770, दिनांक 18 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री पी. एन. पाटीदार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री पी. एन. पाटीदार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-M)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1121.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या.,बरोठा, तहसील देवास, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 271, दिनांक 23 जुलाई, 1970 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 164, दिनांक 17 जनवरी, 2013, 771, दिनांक 18 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री पी. एन. पाटीदार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री पी. एन. पाटीदार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-N)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1122.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., भीलाखेड़ी, तहसील टोंकखुर्द, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 659, दिनांक 25 अगस्त, 1989 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 3379, दिनांक 04 फरवरी, 2013, 767, दिनांक 18 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री आर. एस. चौधरी, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री आर. एस. चौधरी, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-O)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1123.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., रामगढ़, तहसील देवास, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 698, दिनांक 16 मई, 1990 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र

क्र. 159, दिनांक 17 जनवरी, 2013, 749, दिनांक 18 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री सी. डब्ल्यू. पंवार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री सी. डब्ल्यू. पंवार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-P)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1124.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., जीवाजीपुरा, तहसील देवास, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 1228, दिनांक 15 मई, 2006 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 3375, दिनांक 31 दिसम्बर, 2012, 768, दिनांक 18 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 04 फरवरी, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 15, 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री एच. आर. मालवीय, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री एच. आर. मालवीय, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-Q)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1125.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., गुरड़िया गुर्जर, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 422, दिनांक 11 जनवरी, 1982 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 3358, दिनांक 31 दिसम्बर, 2012, 817, दिनांक 20 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री पी. एन. पाटीदार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री पी. एन. पाटीदार, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-R)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1126.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., कालूखेड़ी, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 1079, दिनांक 02 अगस्त, 2004 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 3360, दिनांक 04 फरवरी, 2012, 762, दिनांक 18 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री व्ही. पी. द्विवेदी, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री व्ही. पी. द्विवेदी, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-S)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1127.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., लसुडियाटांक, तहसील सोनकच्छ, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 433, दिनांक 11 मई, 1982 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 3373, दिनांक 31 दिसम्बर, 2012, 764, दिनांक 18 मार्च, 2012 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री आर. सी. जायसवाल, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री आर. सी. जायसवाल, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-T)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1128.—दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., रसनखेड़ी, तहसील टोंकखुर्द, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 1017, दिनांक 09 जुलाई, 2012 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 3366, दिनांक 31 दिसम्बर, 2012, 818, दिनांक 20 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, के. एन. त्रिपाठी, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला देवास मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत पंजीयक की शक्तियां जो मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ/5-1-99-पन्द्रह-1-बी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा मुझ में वेष्ठित है, का उपयोग करते हुए उक्त सहकारी संस्था को एतद्द्वारा परिसमापन में लाता हूं तथा साथ ही धारा 70 (1) के अन्तर्गत श्री पी. के. जैन, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, देवास को परिसमापक नियुक्त करता हूं. आदेश जारी होने के दिनांक से प्रभावशील होगा.

यह भी आदेश किया जाता है कि श्री पी. के. जैन, पर्यवेक्षक, दुग्ध संघ, परिसमापक के रूप में मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-71 के अन्तर्गत परिसमापक की समस्त कार्यवाही पूर्ण कर अन्तिम प्रतिवेदन मुझे शीघ्रातिशीघ्र प्रस्तुत करें.

(317-U)

देवास, दिनांक 16 अप्रैल, 2013

(मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69, 70, 71 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2013/1129.—महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., रालामण्डल, तहसील टोंकखुर्द, जिला देवास जिसका पंजीयन क्रमांक 895, दिनांक 24 मई, 2000 है, को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. 3367, दिनांक 31 दिसम्बर, 2012, 821, दिनांक 20 मार्च, 2013 को प्रेषित किया गया था तथा उनका प्रतिउत्तर देने हेतु दिनांक 15 अप्रैल, 2013 तक का समय दिया गया था. समयावधि के समाप्त हो जाने के उपरान्त भी आज दिनांक 16 अप्रैल, 2013 तक संस्था की ओर से कोई संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है और न ही स्वयं उपस्थित हुए हैं तथा मेरे मत से संस्था निष्क्रिय है एवं उन्हें परिसमापन में लाना उचित प्रतीत होता है.

